Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 13-12-2005

Participants : Mishra Dr. Rajesh Kumar

>

Title : Need to enquire into the incident of clashes of medical students at J.J.Hospital, Mumbai and misleading statements by leaders of a Political party leading to an atmosphere of terror among students.

डॉ. राजेश मिश्रा (वाराणसी) : महाराट्र में बम्बई के जे.जे. मेडिकल कॉलेज में पूरे हिन्दुस्तान के अनेक छात्र पढ़ते हैं और मेडिकल की शिक्षा लेते हैं। पिछले सप्ताह वहां कुछ लड़कों में आपसी तनाव पैदा हुआ और एक गुट द्वारा दूसरे गुट के लड़कों को डराने और धमकाने का काम किया गया। यह बात तब और आगे बढ़ गई जब लड़कों में आपसी झगड़ा हुआ और लड़के छात्रावास छोड़कर अलग जगह, लोकल गार्जियन के घर रहने लगे तब उनके अंदर डर और आतंक का वातावरण व्याप्त था। भारतीय जनता पार्टी के राट्रीय नेता ने बम्बई में यह बयान दिया कि जो * .... जबकि यह लड़के सारे उत्तर भारत के हैं सिर्फ बिहार के नहीं हैं।

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : यह गलत बयान दे रहे हैं। उन्होंने इसका खंडन किया है और यह अखबारों में भी आ गया है।...(व्यवधान)

श्री लक्ष्मण सिंह (राजगढ़) : उन्होंने बिहार का नाम तक नहीं लिया...(व्यवधान)

डॉ. राजेश मिश्रा : मैं सुरक्षा की बात कह रहा हूं। मैं किसी को आरोपित नहीं कर रहा हूं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Controversial matters will not be recorded; only special mention is permitted.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This will not go on record. Please sit down.

(Interruptions) …*

प्रो. रासा सिंह रावत : इसे विलोपित कीजिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Delete that word.

---

* Not Recorded.

डॉ. राजेश मिश्रा : वहां पूरे उत्तर भारत के लड़के पढ़ते हैं। उत्तर प्रदेश के डेढ़ सौ लड़के हैं और हमारे निर्वाचन क्षेत्र से चार लड़के वहां पढ़ते हैं।

आज से वहां परीक्षा प्रारंभ हो रही है और लड़कों के अंदर डर और आतंक का वातावरण है। हमारा सरकार से अनुरोध है कि सरकार इसे नोटिस में ले और जिन लड़कों की परीक्षा वहां पर हो रही है उन्हें आज से सुरक्षा प्रदान की जाए। वहां भय का वातावरण खत्म किया जाए ताकि जो लड़के इतनी दूर से वहां मेडिकल की शिक्षा लेने के लिए गए हैं, उन्हें शिक्षा मिल सके और वे सही माहौल में पढ़ सकें।